हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 24 मई 2026

06 चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्षेश की भावुक ...



09 प्रशासन ने ली सुध, दल-बल के साथ किला पहुंची...





## खबर संक्षेप

### 153वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 को होगा

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 153वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 मई दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 26 मई तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं ।

### न्यायालय के आदेश के अमल में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राजस्व प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी परिपेक्ष्य में पटवारी छत्रपाल सिंह राजपूत, पुरा शाहगढ़ प.ह.नं. 25, तहसील शाहगढ़ (तत्कालीन हल्का पटवारी बरायठा) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शाहगढ़ में कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में बगरौधा निवासी आवेदक द्वारा आवेदन दिया गया कि उसकी भूमि हेतु राजस्व प्रकरण में न्यायालय तहसीलदार शाहगढ़ द्वारा पारित आदेश अमल हल्का पटवारी द्वारा नहीं किया गया। अभिलेख की जांच के दौरान पाया गया कि उक्त समय में तत्कालीन हल्का पटवारी बरायठा छत्रपाल सिंह राजपूत द्वारा सम्बंधित आदेश के अमल की कार्यवाही विधिपूर्वक नहीं की गई और जानबूझकर लापरवाही बरती गई। यह कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और कार्य के प्रति अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग बन्डा द्वारा पटवारी छत्रपाल सिंह राजपूत, को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि राजस्व से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पटवारी और राजस्व अधिकारी समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

### खुरई में गुंडा-बदमाशों की पुलिस परेड, मोबाइल-सोशल मीडिया भी खंगाला

**खुरई ।** खुरई में शहरी पुलिस ने शुक्रवार को गुंडा और निगरानीशुदा बदमाशों की परेड कराई। इस दौरान पुलिस ने उनके फोटोग्राफ और फिंगरप्रिंट दर्ज किए और रिकॉर्ड अपडेट किया। शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि यह कार्रवाई एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना के निर्देश पर की गई। परेड के दौरान बदमाशों के डोजियर फॉर्म और एमएएमएस (मोबाइल एप्लीकेशन फॉर मॉनिटरिंग सिस्टम) के आधार पर उनकी जांच की गई। पुलिस ने सभी निगरानीशुदा बदमाशों से उनकी वर्तमान गतिविधियों और कामकाज के बारे में पूछताछ की। उन्हें सख्त चेतावनी दी गई कि यदि किसी ने भी शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने एक-एक कर सभी की स्थिति की समीक्षा की और उनके मोबाइल फोन की जांच भी की गई। साथ ही सोशल मीडिया गतिविधियों को भी खंगाला गया। अपराध छोड़ने की समझाइश पुलिस ने सभी को अपराध की दुनिया छोड़कर अपराध छोड़ने की समझाइश पुलिस ने सभी को अपराध की दुनिया छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की सलाह दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन सभी पर आगे भी लगातार निगरानी जारी रहेगी।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा लगातार व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से दी जा रही हैं धमकियां

# गढ़ाकोटा में घरेलू विवाद ने लिया खूनी रूप भतीजों ने चाचा पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद ने उस समय खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, जब भतीजों ने अपने ही चाचा पर चाकू और बेसबॉल डंडों से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल मनोज खटीक को पहले गढ़ाकोटा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उन्हें सागर के रॉय अस्पताल रेफर किया गया। वर्तमान में घायल आईसीयू वार्ड में भर्ती हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहर वार्ड निवासी उमारानी खटीक पति मनोज कुमार खटीक ने पुलिस प्रशासन को दिए आवेदन में बताया कि 18 मई 2026 की शाम करीब 6:30 बजे उनके पति मनोज खटीक का विवाद उनकी जेठानी शिवरानी खटीक और उनके पुत्र कृष खटीक से हुआ था। इस संबंध में थाना गढ़ाकोटा में एफआईआर क्रमांक 0369/2026 दर्ज कराई गई थी। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत के दौरान पुलिस को पहले ही जान से मारने की धमकी दिए जाने की जानकारी दी गई थी, लेकिन मामले को घरेलू विवाद मानकर गंभीरता से नहीं लिया गया।

आरोप है कि इसी विवाद के चलते रात्रि करीब 12 से 1 बजे के बीच शिवरानी खटीक ने अपने बड़े बेटे सोनू खटीक, छोटे बेटे कृष खटीक तथा उनके दो दोस्तों विशाल पटेल और अनुज मिश्रा को घर बुलाया। इसके बाद सभी आरोपियों ने मिलकर उमारानी खटीक और उनके पति पर हमला कर दिया। बताया गया कि सोनू खटीक की पत्नी आयुषी ठाकुर उर्फ आयुषी खटीक ने घर में रखे बेसबॉल डंडे और चाकू निकालकर आरोपियों को दिए, जिसके बाद हमला और भी उग्र हो गया।

हमले के दौरान मनोज खटीक के सीने में चाकू मारा गया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिजन घायल को तत्काल सरकारी अस्पताल गढ़ाकोटा लेकर पहुंचे। सूचना मिलते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सागर के रॉय अस्पताल मकरोनिया रेफर कर दिया।

पीड़िता उमारानी खटीक ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पुलिस को चार आरोपियों के नाम बताए थे, जिनमें सोनू खटीक, कृष खटीक, विशाल पटेल और अनुज मिश्रा शामिल हैं, लेकिन पुलिस द्वारा दर्ज रिपोर्ट में विशाल पटेल और अनुज मिश्रा के नाम शामिल नहीं किए गए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों द्वारा लगातार व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से धमकियां दी जा रही हैं। घटना की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शुभम दुबे द्वारा बताया गया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है तथा दो आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### महिला ने ट्रेन के आगे छलांग लगाई: लोको पायलट की सूझबूझ से बची जान

**खुरई।** खुरई रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अज्ञात महिला कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूद गई। लोको पायलट की सूझबूझ से तत्काल ब्रेक लगाने के कारण महिला की जान बच गई। घटना के बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कामायनी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर आ रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात महिला अचानक दौड़कर ट्रैक पर आ गई। लोको पायलट ने स्थिति को भांपते हुए बिना देरी किए तत्काल ट्रेन के ब्रेक लगाए। इस घटना के कारण ट्रेन लगभग 5 मिनट तक खड़ी रही। महिला को मामूली चोटें आईं। मौके पर मौजूद आरपीएफ आरक्षक ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने महिला से जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन वह बोलने की स्थिति में नहीं थी।बाद में महिला की पहचान रचना पति भारत अहिरवार (35), निवासी कोरासा के रूप में हुई। उसने बताया कि वह महूना जाट गांव में ईंट भट्टों पर काम करती है। रचना ने पुलिस को बताया कि उसका पति उसे घर से निकाल रहा था, जिससे नाराज होकर वह स्टेशन पर आ गई और ट्रेन के सामने कूद गई।



### विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा विद्युत विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग की अधीक्षण यंत्री चंद्ररेखा प्रभाकर एवं समस्त कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री उपस्थित रहे। बैठक में आरडीएसएस योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि साकार इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे फीडर विभक्तिकरण कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधीक्षण यंत्री द्वारा विभाग के वार्षिक वर्क प्लान के अंतर्गत निर्मित किए जा रहे नवीन उपकेंद्रों, अतिरिक्त ट्रांसफार्मरों की स्थापना, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, फीडर इंटरकनेक्शन एवं फेब्रिकेशन कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर महोदय को जिले में विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे तकनीकी एवं संरचनात्मक कार्यों से अवगत कराया गया। समीक्षा के दौरान स्मार्ट मीटर परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर महोदय द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को समझते हुए इनके स्थापना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर एवं पारदर्शी विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में ट्रांसफार्मर फेल होने की घटनाओं पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र अतिशीघ्र बदला जाए ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही स्टोर में उपलब्ध ट्रांसफार्मरों की संख्या एवं उनकी उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने एवं त्वरित प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा से बीते 3 दिनों में 116 जरुरतमंदों को रक्त मिला



**सागर।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में हुए रिकार्ड तोड़ रक्तदान ने उनके कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर से जरूरतमंद मरीजों की उम्मीदें भी बढ़ाई हैं जो पूरी भी हो रही हैं। रक्तदान शिविर के बाद के पहले तीन दिनों 21से 23 मई के बीच उनके कार्यालय से संचालित ब्लड हेल्पलाइन सेंटर में 116 मरीजों ने आग्रह किया और इन सभी को रक्त उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से 15 मई 2026 तक कुल 1004 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है यह संख्या 23 मई को बढ़ कर 1157 हो गई। इनमें से 116 जरूरतमंदों ने पिछले तीन दिनों में ब्लड हेल्पलाइन नंबर पर काल कर अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिन्हें निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। सागर और आसपास के जिलों के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई "भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जाने का सेवाभावी कार्य निरंतर हो रहा है। हाल ही में 16 से 19 मई तक उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर में 2221 यूनिट रक्त संग्रहीत कर सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना के अलावा विदिशा जिला अस्पतालों तथा भोपाल हमीदिया अस्पताल के ब्लडबैंक ओन में भेजा गया है। गत 3 दिनों में जिन 116 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के सभी क्षेत्रों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर पिछले 12 सालों में 15903 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज किया है।



### अग्रणी कॉलेज प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने किया कॉलेजों का निरीक्षण

**गढ़ाकोटा।** शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा तथा शासकीय महाविद्यालय शाहपुर का औचक निरीक्षण किया। गढ़ाकोटा कॉलेज के प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती तथा शाहपुर कॉलेज की प्राचार्य डॉ किशोरी सोनी की उपस्थिति में डॉ गुप्ता ने दोनों महाविद्यालयों के शिक्षकों तथा कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर, ई- प्रवेश के संदर्भ में हेल्प डेक्स, सेल्फी प्वाइंट, परिसर में स्वच्छता, जल व्यवस्था, परीक्षा संचालन, कैश बुक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ गुप्ता ने महाविद्यालय में ई-प्रवेश तथा महाविद्यालय के सुचारू संचालन हेतु कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती तथा शाहपुर कॉलेज की प्राचार्य डॉ किशोरी सोनी ने अपने-अपने महाविद्यालयों की व्यवस्थाओं से डॉ सरोज गुप्ता को रूबरू कराया। डॉ गुप्ता ने शिक्षकों तथा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की ई-प्रवेश संबंधी समस्याओं का निराकरण हेल्प डेक्स से जुड़े शिक्षकों को करना आवश्यक है उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हेल्प डेक्स से जुड़े प्राध्यापकों को प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों के लिए विषय चयन के साथ अन्य समस्याओं का निराकरण कर उनकी सहायता करना जरूरी है। डॉ सरोज गुप्ता ने दोनों महाविद्यालयों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु प्रसन्नता व्यक्त की।

## भारतीय स्त्रीशक्ति का पारवारिक चुनौतियों पर हुआ युवा संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




भारतीय स्त्रीशक्ति सागर में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के परिपेक्ष्य में खेल परिसर सागर में परिवार का महत्व और वर्तमान चुनौतियों विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विषय की प्रस्तावना रखते हुए नगर अध्यक्ष डॉ प्रज्ञा उपाध्यय ने कहा कि-तकनीक के बदलते दौर में भले ही दुनिया को करीब ला दिया हो, लेकिन परिवारों के बीच की दूरियां बढ़ी हैं। आज के समय में संयुक्त परिवार की संस्कृति को बचाना और आपसी संवाद को बनाए रखना बेहद जरूरी है। यह आवष्यक है कि हमारे परिवार में सभी सदस्यों के साथ वर्तमान चुनौतियों का निराकरण करने के लिए आपस में सभी विषयों पर चर्चा होती रहे इसी विषय को दृष्टिगत करते हुए आधुनिक समाज में परिवारों का महत्व और चुनौतियां विषय पर परिचर्चा रखी गई है। तत्पश्चात परिचर्चा में विषय पर खेल परिसर में छात्रा कु. पूजा केशरवानी ने कहा कि-आज हमारे बीच में एकल परिवार होने के कारण हमें हमारें अन्य संबंधों से वंचित होना पड़ा है जिससे हम केवल डिजिटल स्क्रीन पर व्यस्त रहते है साथ ही माता-पिता के द्वारा कार्यालयीन व्यस्तता के कारण हमारे अंदर अन्तर मुखी रहने के प्रतिक्रिया अधिक सक्रिय रहती है। प्रश्नोत्तर के समय कु. हिमानी चैहान ने भी बताया कि-मेरी माता जी भी कार्यकारी महिला है, कभी-कभी अपने मन की व्यथा स्वयं से ही समाप्त करनी पड़ती है। भैया पियूष अहिरवार ने कहा कि- आज भी हम अपने मनोनुकूल कैरियर चुनने में अस्मर्थ रहते है, तब माता-पिता के सुझाव की आवश्यकता पड़ती है। उस समय तनाव भरे जीवन में एक खुशहाल परिवार मानसिक अवसाद से लड़ने में सबसे बड़ा सहायक साबित होता है। आज भी परिवार की आवष्यकता सदैव रहती है। बीनू नायक ने कहां कि- बच्चे वही सीखते हैं जो परिवार में देखते हैं। बुजुर्गों का सम्मान और नैतिक मूल्य हमें सिर्फ एक परिवार से ही मिल सकते हैं। यह आवश्यक है कि अपने पूर्वजों के अनुभव को हम नवीन शिक्षा के माध्यम में रखकर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित कर सकते है।



### वोटर लिस्ट की समीक्षा करने शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने वार्ड अध्यक्ष और पदाधिकारियों की बैठक ली

**सागर।** जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कांग्रेस कार्यालय राजीव गांधी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक ली बैठक में प्रमुख रूप से नगरीय निकाय चुनाव हेतु जो नवीन मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है उसकी शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने नवनियुक्त वार्ड अध्यक्षों वा वार्ड के पदाधिकारियों से समीक्षा करने की बात कही है। बैठक को संबोधित करते हुए महेश जाटव ने कहा कि सभी मिलकर मतदाता सूची की जांच करें और जहां भी लिस्ट में गड़बड़ी मिलें उसपर आपत्ति दर्ज कराई जावे। किसी किस्म की परेशानी हो तो त्वरित कांग्रेस कार्यालय में संपर्क करें। इस अवसर पर जितेंद्र रोहण, शरद पुरोहित, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, रमाकांत यादव, आनंद हेला, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, ताहिर खान, रोशनी वसीम खान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, कमलेश तिवारी, डॉ संदीप सबलोक, सोशल मीडिया के अध्यक्ष नीलेश अहिरवार, दीनदयाल तिवारी, रेखा सोनी, अलीम खान, तज्जु भाईजान, सुनील पाहवा, अनिल दक्ष, अर्चना कनौजिया, ज्योति मलैया, अजय लहरिया, नौशाद अब्बासी, मयंक ठक्कर, रेखा अहिरवार, कुंजीलाल लाडिया, गोपी यादव, महेश अहिरवार, संजय सराफ, राहुल खटीक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद थे।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कल

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सागर की बैठक 25 मई दिन सोमवार को समय दोपः 04:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सागर में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा की जायेगी।

रिवाइज्ड योजनाओं के काम तुरंत पूरे करें, गुणवत्ता से न हो कोई समझौता

# कामचोर ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा जिन्होंने काम नहीं किया, उन पर तुरंत की जाए सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जनता को पानी देने के मामले में कोई बहाने बाजी नहीं चलेगी। अधिकारी और इंजीनियर दफ्तरों से बाहर निकलें और खुद मौके पर जाकर ठेकेदारों से काम कराएं। यह सख्त निर्देश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में मंत्री राजपूत ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम के अंतर्गत एक-एक परियोजना की योजनावार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही कई जटिल मुद्दों का निपटारा किया और घर-घर नल से जल पहुंचाने के रास्ते सुगम किए।

बैठक की खास बात यह रही कि मंत्री राजपूत ने केवल अधिकारियों के से नहीं बल्किबैठक में मौजूद संबंधित जनप्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर हर क्षेत्र की वास्तविक वस्तुस्थिति जानी। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं जैसे पाइपलाइन का न बिछना और ठेकेदारों की मनमानी पर मंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को ऑन-स्पॉट सुधार के निर्देश दिए। मंत्री राजपूत ने बिजली विभाग और पी एच ई के अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि बिजली के अभाव या तकनीकी खराबी के कारण कोई भी नल-जल योजना बंद नहीं होनी चाहिए। जहां भी बिजली कनेक्शन की समस्या है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दूर किया जाए ताकि जलापूर्ति प्रभावित न हो। स्वच्छता और रखरखाव को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि क्षेत्र की सभी पानी की टंकियों में वाटर प्रूफिंगी और सफाई का कार्य कराया जाए, ताकि पानी की शुद्धता और टंकियों का रख रखाव बेहतर बना रहे। जो योजनाएं तकनीकी कारणों से रिवाइज्ड (संशोधित) की गई हैं, उनके बजट और तकनीकी पेचों को सुलझाते हुए रिवाइज्ड योजना के कार्यों को भी अतिशीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए हैं।राजपूत ने एनएचएआई रोड निर्माण करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई उन्होंने कहा कि लापरवाही पूर्ण रोड निर्माण के कारण लगभग 40-50 ग्रामवासी पानी के लिए परेशान है जिन पाइप लाइनों को रोड निर्माण के कारण क्षति पहुंची है उनके सुधार एक सप्ताह में किए जाएं ताकि राहतगढ़ विकासखंड के इन ग्राम वासियों को पानी मिल सके। पाइपलाइन मरम्मत का कार्य तत्काल हो भीषण गर्मी के इस दौर में जहां भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त या लीकेज है, वहां युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर तुरंत मरम्मत का कार्य पूरा किया जाए ताकि पानी की बर्बादी रुके। वॉल्व ऑपरेटर्स को दें ट्रेनिंग ग्राम पंचायतों को सुपुर्द हो चुकी योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए स्थानीय वॉल्व ऑपरेटर्स को तकनीकी ट्रेनिंग दी जाए, एवं जलप्रदाय हेतु समय निर्धारित कर पेयजल का प्रदाय सुनिश्चित करें जिससे ग्रामीण स्तर पर पानी का वितरण सही तरीके से हो सके। ऐसे ठेकेदार जिन्होंने समय पर काम शुरू नहीं किया या काम अधूरा छोड़ दिया है, उनके खिलाफ पेनाल्टी लगाने और उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।समीक्षा बैठक में विभागीय समन्वय की कमी के कारण जो प्रोजेक्ट महीनों से अटके थे, उन्हें मंत्री राजपूत ने आपसी तालमेल बिठाकर मौके पर ही सुलझा दिया। इसके साथ ही हर घर तक नल का पानी बिना किसी बाधा के पहुंचे, इसके लिए हर काम की एक निश्चित समयसीमा तय कर दी गई है।

## नजाई मंडी के टीनशेड पर कब्जों और अव्यवस्थाओं पर होगी कार्यवाही

# चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्शेष की भावुक एफबी पोस्ट से हिला पूरा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





कभी-कभी सोशल मीडिया पर सटीकता से उठाई गईं एक आवाज प्रशासनिक फाइलों से ज्यादा असरदार साबित हो जाती है। शहर की मुख्य नजाई सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए गए टीनशेडों पर कथित कब्जों और अव्यवस्थाओं को लेकर शहर के जागरूक नागरिक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्शेष सोनी द्वारा फेसबुक पर की गई एक भावनात्मक पोस्ट ने ऐसा ही असर दिखाया। पोस्ट वायरल होते ही राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में हलचल मच गई और अगले ही दिन सुबह कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं नगर पालिका टीम के साथ नजाई मंडी का निरीक्षण करने पहुंच गए।

कलेक्टर श्रोत्रिय के साथ भाजपा पार्षद अभिषेक खरे रानू, प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजलि शर्मा, नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नजाई मंडी का निरीक्षण कर सब्जी विक्रेताओं और व्यापारियों से समस्याओं की जानकारी ली। दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हुई उक्त पोस्ट में आरोप लगाया गया था कि मंडी में सब्जी विक्रेताओं के लिए बनाए गए टीनशेडों पर कुछ लोगों ने अनाधिकृत कब्जा कर रखा है। इन स्थानों का उपयोग सब्जी विक्रेताओं के बैठने के बजाय हाथ ठेले, वाहन और यहां तक कि बकरियां बांधने के लिए किया जा रहा है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जियां बेचने आने वाले छोटे विक्रेताओं को 44 डिग्री की भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया गया कि नजाई मंडी में बने चार टीनशेडों में से दो टीनशेडों पर बड़े व्यापारियों का कब्जा है, जिससे गरीब और छोटे विक्रेताओं के लिए छांव तक उपलब्ध नहीं हो पा रही। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं ने कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े दुकानदार उन्हें टीनशेड के नीचे बैठने नहीं देते। कई महिलाओं ने पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायत भी दर्ज कराई। एक महिला सब्जी विक्रेता ने बताया कि मंडी परिसर में शौचालय नहीं होने से महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गर्मी में स्थिति और गंभीर हो जाती है। प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही के बावजूद सुविधाओं का अभाव लोगों में नाराजगी का कारण बना हुआ है। निरीक्षण के बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नगर पालिका प्रशासन को मंडी परिसर का व्यवस्थित मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी विक्रेताओं के लिए पर्याप्त छायादार टीनशेड, पेयजल, शौचालय और ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर लगने वाले फलों के ठेलों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए गए। भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने बताया कि नगर पालिका परिषद में पहले ही सब्जी मंडी के विकास का प्रस्ताव पारित हो चुका है तथा इसके लिए राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मास्टर प्लान के अनुरूप निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे मंडी की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान हो सके।

गौरतलब है कि भाजपा पार्षद अभिषेक खरे पूर्व में भी नगर पालिका की बैठकों में यह मुद्दा कई बार उठा चुके हैं, लेकिन इसी दौरान ज़ब सोशल मीडिया पर उक्त मामले ने जोर पकड़ा तो प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। उक्त निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता सत्येंद्र ठगन, राहुल जैन, कांग्रेस नेता भरत सोनी सहित स्थानीय व्यापारी और नागरिक भी मौजूद रहे। शहर की मुख्य नजाई मंडी में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से कई सब्जी बिक्रेता व किसान अपनी सब्जी बेचने प्रतिदिन आते है। जिनसे शहर की एक बड़ी आवादी प्रतिदिन सब्जी खरीदती है। इन्ही सब्जी बिक्रेताओं व किसानो को धूप व भीषण गर्मी से राहत देने के लिये टीन शेडो का निर्माण कराया गया था।

## वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

# एसटीएस कर्मचारी पर डॉक्टर बनकर इलाज करने का आरोप, मरीज की हालत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा एक बार फिर गंभीर आरोपों और विवादों के चलते चर्चा में आ गया है। इस बार क्षय रोग विभाग में एसटीएस के पद पर पदस्थ अरविन्द चंदौरिया पर बिना चिकित्सकीय अधिकार के डॉक्टर बनकर मरीज का इलाज करने तथा गलत उपचार से मरीज की हालत बिगाड़ने के आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पूरे घटनाक्रम को और अधिक चर्चा में ला दिया है।

जानकारी के अनुसार 47 वर्षीय रामप्रसाद अहिरवार निवासी मऊरानीपुर अपना टीवी बीमारी संबंधी उपचार कराने के लिए पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में पदस्थ एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदोरिया ने स्वयं को डॉक्टर की भूमिका में प्रस्तुत करते हुए मरीज का इलाज शुरू किया और मेडिकल स्टोर से लगभग 3500 से 4000 रुपए तक की दवाइयां लिख दीं। पीड़ित मरीज का आरोप है कि दवाइयों का सेवन शुरू करने के बाद उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उसने फोन कॉल के माध्यम से अरविंद चंदोरिया को अपनी स्थिति बताई और राहत की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि उसे लगातार इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी जाती रही। मरीज की स्थिति गंभीर होने के बाद परिजनों में नाराजगी फैल गई और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। मामले में एक और गंभीर पहलू तब सामने आया जब मरीज रामप्रसाद अहिरवार ने स्वयं को उत्तर प्रदेश निवासी बताया, जबकि अस्पताल रिकॉर्ड में उसका पता पलेरा तहसील के टोरी गांव का दर्ज किया गया बताया जा रहा है। इस विसंगति को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं और रिकॉर्ड में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है जब एसटीएस कर्मचारी अरविंद चंदोरिया को लेकर शिकायतें सामने आई हों। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी उनके खिलाफ जिला स्तर पर लिखित शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि गरीब और अशिक्षित मरीजों को निशाना बनाकर उनसे आर्थिक लाभ लेने की कोशिश की जाती है। इस पूरे मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि कोई गैर चिकित्सकीय कर्मचारी डॉक्टर बनकर मरीजों का इलाज कर रहा था, तो अस्पताल प्रशासन को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी और समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

बताया जा रहा है कि मरीज द्वारा अरविंद चंदोरिया से हुई बातचीत का वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया और लोगों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी दिखाई देने लगी।

स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा बिना चिकित्सकीय योग्यता इलाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्रों में यदि इस प्रकार की लापरवाही जारी रही तो गरीब मरीजों की जिंदगी खतरे में पड़ सकती है।

### इनका कहना है

मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त जानकारी प्राप्त हुई है कि अरविंद चंदोरिया के द्वारा डॉक्टर बनकर जो इलाज किया गया है उसकी गंभीरता से जांच कर कार्यवाही की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारियों को इस पूरे मामले में अवगत करा दिया गया है।

**अजय गुप्ता,** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पलेर

आंगनबाड़ियों में लगेगा स्कूल रेडीनेस मेला, प्रशिक्षण संपन्न

# समर कैंप से बच्चों को खेल-खेल में किया जाएगा मानसिक, शारीरिक और शैक्षणिक रूप से तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



मध्य प्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रथम फाउंडेशन के समन्वय से जिलेभर की आंगनवाड़ी केन्द्रों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के तहत आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य 5 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को विद्यालय प्रवेश के लिए मानसिक, शारीरिक एवं शैक्षणिक रूप से तैयार करना है।

शासन के निर्देशानुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आधारशिला गतिविधि आधारित स्कूल रेडीनेस मेला का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा। पहला मेला 26 मई तथा दूसरा 30 जून को आयोजित होगा। इन मेलों के माध्यम से बच्चों में शारीरिक विकास, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता, भाषायी दक्षता, सामाजिक व्यवहार तथा गणितीय एवं तार्किक समझ विकसित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों से खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कराई जाएंगी, ताकि वे विद्यालयी वातावरण के अनुरूप सहज रूप से तैयार हो सकें। प्रत्येक बच्चे की गतिविधियों एवं विकास का मूल्यांकन कर उसकी रिपोर्ट अभिभावकों को भी प्रदान की जाएगी, जिससे माता-पिता बच्चों की प्रगति को समझ सकें।


इसी क्रम में शनिवार को परियोजना कार्यालय दिगौड़ा में सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में परियोजना दिगौड़ा की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्कूल रेडीनेस मेला को उत्साहपूर्वक एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी ज्योति प्रजापति, पर्यवेक्षक रिंकी तिवारी, राधा सक्सेना एवं नीलम जैन द्वारा कार्यकर्ताओं को गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति, बच्चों के मूल्यांकन एवं अभिभावकों से संवाद के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया।

वहीं प्रथम फाउंडेशन की ओर से संदीप कुशवाहा, दीपक अहिरवार एवं अरविन्द घोष ने प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को रुचिकर तरीके से सीखने की विधियों और खेल आधारित गतिविधियों की जानकारी साझा की। महिला एवं बाल विकास विभाग का मानना है कि इस प्रकार के समर कैम्प और स्कूल रेडीनेस मेलों के माध्यम से बच्चों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रति रुचि विकसित होगी तथा विद्यालय में प्रवेश के समय उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

खुले में मांस विक्रय पर एसपी मंडलोई सख्त, कार्यवाही जारी

# विशेष निगरानी अभियान जारी, लिधौरा में पुलिस और प्रशासन ने मिलकर किया संयुक्त निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



सार्वजनिक स्थलों पर खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध संबंधी शासन के निर्देशों के पालन को लेकर टीकमगढ़ पुलिस ने जिलेभर में विशेष निगरानी एवं नियंत्रण अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के तहत पुलिस एवं प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर खुले में मांस, मछली एवं अंडा विक्रय करने वालों को नियमों का पालन करने के निर्देश दे रहा है।

यह कार्रवाई मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन में की जा रही है। अभियान पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन मिथिलेश शुक्ला एवं उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय खत्री के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में खुले में संचालित मांस, मछली और अंडा विक्रय गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें तथा स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखना, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखना तथा आम नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना बताया गया है। इसी क्रम में 22 मई को थाना लिधौरा पुलिस द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अमले के साथ संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न मांस विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खुले में मांस विक्रय कर रहे व्यापारियों को शासन के दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए तत्काल खुले विक्रय को बंद करने के निर्देश दिए। भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस द्वारा मामलों में नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।

तहसीलदार ने जब्त किए ट्रैक्टर-ट्रॉली

# बिना रॉयल्टी मुरम परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिगौड़ा कस्बे में शुक्रवार को बिना रॉयल्टी मुरम परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व विभाग की टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन करने वालों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दिगौड़ा बस स्टैंड के पास से एक नीले रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली मुरम भरकर गुजर रहा था। प्रशासन को सूचना मिली थी कि वाहन में बिना वैध रॉयल्टी के मुरम का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही तहसीलदार ढ्शूँर ख्ंरल्ल राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच शुरू की। जांच के दौरान तहसीलदार द्वारा चालक से मुरम परिवहन से संबंधित दस्तावेज एवं रॉयल्टी पर्ची मांगी गई, लेकिन चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज नहीं मिलने पर प्रशासनिक टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर लिया। इसके बाद जप्त वाहन को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। प्रशासन द्वारा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण अर्थदंड के लिए कलेक्टर न्यायालय भेजा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना रॉयल्टी मुरम एवं अन्य खनिजों के परिवहन की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनिज कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## त्यौहारों व शांति को लेकर पुलिस का शक्ति प्रदर्शन, संवेदनशील क्षेत्र में निगरानी

# 'फ्लैगमार्च से सुरक्षित भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



आगामी बकरा ईद एवं अन्य पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दे रही है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत करने के लिए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सशक्त फ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च थाना कोतवाली परिसर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख बाजारों, मिश्रित आबादी वाले इलाकों, मुख्य चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरते हुए संपन्न हुआ। पुलिस बल की अनुशासित मौजूदगी और सघन सुरक्षा व्यवस्था से शहर में सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल दिखाई दिया। मार्च के दौरान पुलिस जवान पूर्ण दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस नजर आए। जवानों के पास सुरक्षा हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी तथा संचार उपकरण मौजूद थे।

अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, रक्षित निरीक्षक, विभिन्न थाना प्रभारी, कोतवाली, देहात, यातायात एवं पुलिस लाइन का पर्याप्त पुलिस बल शामिल रहा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि जिला पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि सभी समुदाय आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ अपने-अपने पर्व मना सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा सामाजिक सौहार्द प्रभावित करने की कोशिश करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसपी मंडलोई ने अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सतर्क निगरानी, रात्रिकालीन गश्त, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और संवेदनशील व्यवहार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ लगातार संवाद बनाए रखने को कहा गया। पुलिस द्वारा प्रमुख बाजारों और चौराहों पर सघन पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी सक्रिय कर दी गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों और शहर के प्रवेश मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, वहीं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।

टीकमगढ़ पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे त्योहार आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाएं, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में शांति एवं कानून-

# एसपी मंडलोई ने सूचनातंत्र समीक्षा बैठक में जांची व्यवस्थाएं



**टीकमगढ़।** आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर टीकमगढ़ पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम टीकमगढ़ में असूचना संकलन कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को सतर्कता बढ़ाने और प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक समरसता बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह को गंभीरता से लिया जाएगा।

एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण एवं रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था मजबूत करें तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने साइबर टीम एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सतत निगरानी रखी जाए तथा भ्रामक, भड़काऊ अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा फील्ड इंटेलिजेंस नेटवर्क को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान तथा विभिन्न शाखाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्थानीय स्तर पर छोटी से छोटी गतिविधि पर भी गंभीरता से नजर रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए।

## निजी हाथों में जाने के बाद संवरने के बजाए बदहाल हो गई धरोहर

# प्रशासन ने ली सुध, दल-बल के साथ किला पहुंची कलेक्टर,देखी व्यवस्था






हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

उपेक्षा से जूझ रहे ऐतिहासिक किला की आखिर प्रशासन ने सुध ले ही ली। शनिवार को कलेक्टर शीला दाहिमा दलबल के साथ किला में पहुंच गई जहां उन्होंने सहरिया संग्रहालय, गुजरी, महल सहित वह सभी ऐतिहासिक ईमारतों का निरीक्षण किया जो पुरातत्व के अधीन आती है अथवा संस्कृति विभाग को हैंडओवर की गई हैं. इस दौरान उन्होंने विगत वर्ष बारिश में गिरी दीवार का भी अवलोकन किया. निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने पर्यटन विकास निगम के माध्यम से जिस कंपनी ने किले को लीज पर लिया है उसके मैनेजर को बुलाकर स्पष्ट निर्देश भी दे दिए हैं कि किले को जिस उद्देश्य से आपको लीज पर दिया गया है वो पूरा किया जाए, अनावश्यक ताले डालकर धरोहरों को नष्ट न करें. ज्ञात हो कि 18 मई के अंक में हरिभूमि ने ₹कौन संभालेगा धरोहर को गिरने से बचाने की जिम्मेदारी, जिम्मेदार बने हुए अज्ञात₹ नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था इस समाचार के प्रकाशन के बाद कलेक्टर ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए अब किले को सुध ली है.

शनिवार को जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय के साथ किला परिसर पहुंची कलेक्टर ने प्रांगण का अवलोकन करने के साथ ताले में बंद सहरिया संग्रहालय को खुलवाया इस दौरान वहां अव्यवस्थित पड़ी सहरिया संग्रहालय से जुड़ी मूर्तियों को व्यवस्थित करने और उन्हें गुरुमहल में शिफ्ट करने के निर्देश दिए, इस दौरान एडीएम रुपेश उपाध्याय ने उन्हें बताया कि डोब कुंड के जंगल से प्राचीन महत्व की दुर्लभ मूर्तियां मिली है इन्हें एंटीक मानकर पुरातत्व विभाग ने अपने अधिग्रहण में लिया हुआ है जिसे भी फिलहाल एक कमरे में बंद रखा गया है कलेक्टर ने उक्त मूर्तियों को सुरक्षित रखने और उनके लिए संग्रहालय की व्यवस्था पुरातत्व विभाग के माध्यम से करने के निर्देश एडीएम एवं संस्कृति विभाग के सचिव रुपेश उपाध्याय को दिए कलेक्टर ने संरक्षित ईमारत राजा मनोहर दास की छतरी, घुडसाल, दीवान हाल जैसी इमारत का अवलोकन किया. इस दौरान किला परिसर में मौजूद कंपनी के मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि काम प्रगति पर है किले को हेरिटेज होटल के रूप में परिवर्तित किया जाना है, जिससे श्योपुर को एक अलग पहचान मिल सकेगी. इसलिए यहां पर अनावश्यक सामानों को हटाया जाना जरूरी है कलेक्टर ने निर्देशित किया कि वह चीज जो पुरातत्व महत्व से जुडी है और धरोहर के रूप में रखी हुई है उन्हें संरक्षित रखा जाए. इस दौरान कलेक्टर ने मैनेजर को निर्देशित किया कि वह अपने कंपनी के डायरेक्टर गजेंद्र सिंह को तत्काल बुलाकर उनसे मुलाक़ात कराए. इसके बाद उन्होंने बताया कि डायरेक्टर गजेंद्र सिंह से आज शाम दिल्ली से रवाना हो जायेंगे और कल तक श्योपुर पहुंच जायेंगे.

### गुरु महल में शिफ्ट हो सकता है संग्रहालय

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गुरु महल का अवलोकन भी किया ज्ञात हो कि गुरु महल उस परिसर से दूर और अलग है जिसे कंपनी ने लीज पर लिया है. गुरु महल के भीतर पूर्व में छात्रावास संचालित होता था आज वह खाली पड़ा हुआ है कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद एडीएम रुपेश उपाध्याय को निर्देशित किया कि गुरु महल को सहरिया संग्रहालय स्थापित करने के लिए विकसित किया जाए. अगर सहरिया संग्रहालय गुरु महल में स्थापित हो जाता है तो फिर शहर वासियों के लिए किले में आने जाने के रास्ते भी दोबारा से खुल जाएंगे, ज्ञात हो कि कंपनी ने जब से किला को लीज पर लिया है तब से उसने किले के मुख्य द्वार पर ताले डालकर लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित कर दिया है, यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि लोग किला में सहरिया संग्रहालय को देखने की वजह से ही जाते थे अगर सहरिया संग्रहालय गुरु महल में स्थापित हो जाता है तो फिर होटल बनाने के उद्देश्यों की पूर्ति के साथ-साथ सहरिया संग्रहालय शहर वासियों के लिए फिर दोबारा से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा.

### गिरी दीवार की मरम्मत कराना किसकी जिम्मेदारी

कलेक्टर ने किला परिसर का अवलोकन तो कर लिया लेकिन जो दीवार गिरी है उसे ठीक कौन कराएगा फिलहाल यह बात अबूझ पहेली बना हुआ है ज्ञात हो कि आठ माह पूर्व अत्यधिक बारिश के बाद दीवान हाल के पीछे वाली जो दीवार गिरी थी तत्कालीन कलेक्टर ने इस संबंध में किले को लीज पर लेने वाली कंपनी को पत्र लिखकर मेंटेनेंस करने के निर्देश दिए थे लेकिन कंपनी ने बोल दिया था कि वह दीवार उनके अधिपत्य में नहीं आती है प्रश्न यह उठता है कि अगर निजी कंपनी उक्त दीवार को नहीं बनाएगी तो फिर कौन बनाएगा नगर पालिका के पास ना तो इतना पैसा है कि वह इसे बनाएं और ना ही अब निजी कंपनी के हाथ चले जाने के बाद नगर पालिका का कोई औचित्य भी नहीं बनता कि वह इसका मेंटेनेंस कराए, तो फिर दीवार का मेंटेनेंस किसके माध्यम से होगा या कौन कराएगा फिलहाल यह रहस्य बना हुआ है. ज्ञात हो कि इसके अलावा भी किला परिसर की आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर से दीवार गिरी हुई है एक तो गुरु महल के पास से ही गिरी हुई है दूसरा राम मंदिर के सामने से गिर चुकी है.

## बीजेपी का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का विधानसभा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

# भाजपा में नेता नहीं कार्यकर्ता ही सम्मान का अधिकारी: नरेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा में नेता नहीं कार्यकर्त्ता ही सम्मान का अधिकारी है, यही एकात्म मानववाद है जिसका सपना हम सबके पितृ पुरुष महा मानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने देखा था जिसे आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने में जूटे हैं. हम सबको मिलकर पंडित जी के सपने को पूरा करने में पीएम मोदी की मदद करने की जरूरत है. यह बात शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने होटल राधिका पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय (23 एवं 24 मई 2026) जिला प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही. इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया और वर्ग को संबोधित किया। साथ ही जिला कार्यकर्ताओ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया व अवलोकन किया।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि हम उस पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्त्ता हैं जिसको बनाने का सपना पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने देखा था और आज वह सपना पूरा हो रहा है. पंडित जी ने हमेशा पश्चिमी पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों का विरोध किया। उनके अनुसार, मानव केवल एक भौतिक या आर्थिक इकाई नहीं है; उसका शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वय ही एकात्म मानववाद है। वे व्यक्ति, समाज, प्रकृति और ईश्वर के बीच संतुलन के समर्थक थे। उनका आर्थिक और सामाजिक चिंतन ₹अंत्योदय₹ (पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान) पर केंद्रित था। उनके अनुसार, किसी भी आर्थिक योजना या विकास का पैमाना समाज के सबसे अमीर व्यक्ति से नहीं, बल्कि सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति की प्रगति से तय होना चाहिए।

इस दौरान मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत ने सम्बोधन देते हुए कहा कि आज पूरा राष्ट्र पंडित दीन दयाल उपाध्याय के सपनो को पूरा होते देख रहा है, प्रधानमंत्री मंत्री मोदी उनके सपने को पूरा कर रहे हैं, पीएम मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित देशो की सूची में शामिल करने का जो सपना देखा है वो तेजी के साथ पूरा हो रहा है हम सब सोभाग्यशाली हैं की हम उस पार्टी के कार्यकर्त्ता हैं जिसके संस्थापकों में पंडित दीन दयाल जैसे विचारक रहे हैं।

इस दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर आदि ने भी सम्बोधन दिए इससे पहले कार्यकर्ताओ का परिचय भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कराया।



### मंच पर नहीं कार्यकर्त्ताओं के साथ अंतिम पंक्ति में बैठे तोमर

प्रशिक्षण वर्ग की खास बात यह रही की मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से श्योपुर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने जिला कमेटी द्वारा बनाया गया मंच पर आसंदी ग्रहण करने के बजाय कार्यकर्ताओं के बीच अंतिम पंक्ति में जाकर बैठे बाद में उन्होंने इस तरह कार्यकर्ताओं के बीच अंतिम पंक्ति में बैठने को स्पष्ट करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का ₹अंत्योदय₹ (पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान) का सपना तभी पूरा होगा जब हम सब मिलकर उसे पूरा करने में सहयोग करेंगे उन्होंने कहा की बीजेपी में छोटा बड़ा काम से होता हैं यहां वंश परम्परा भी नहीं हैं पार्टी कार्यकर्ताओ की पार्टी हैं.

# पुलिस लेकर पहुंची श्योपुर तहसीलदार ने हटाया श्मशान और तालाब से अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शनिवार को तहसीलदार मनीषा मिश्रा ने दो अलग-अलग गांव में शमशान और तालाब की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया उक्त अतिक्रमण की शिकायत लंबे समय से थी लेकिन विवाद होने के चलते प्रशासन अतिक्रमण नहीं हटा पा रहा था शनिवार को कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर मौके पर पहुंची तहसीलदार ने पुलिस की मौजूदगी के बीच जेसीबी चला कर अतिक्रमण हटाया.

ग्राम तुलसेफ में तालाब की जमीन पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ था वहां जमीन पर खेती-बाड़ी कर रहे थे पार काट देने से तालाब में पानी नहीं भर पा रहा था तालाब के उद्देश्य समाप्त हो रहे थे मौजा पटवारी की रिपोर्ट अनुसार मौके पर पहुंची तहसीलदार ने तालाब की भूमि से अतिक्रमण हटाकर पंचायत को जल गंगा अभियान के तहत तालाब के गहरी करण और कच्ची पाल बनाकर बारिश का पानी संग्रहित करने के निर्देश दिए ताकि पूरा गांव उक्त तालाब से सिंचाई सुविधा हासिल कर सके. इस दौरान उन्होंने कुंड हवेली गांव में शमशान की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को भी जेसीबी चला कर हटाया अब शमशान और पहुंच मार्ग अतिक्रमण मुक्त हो गया है ज्ञात हो कि उक्त अतिक्रमण के कारण लोगों को शव का दाह संस्कार करने और शव यात्रा शमशान तक ले जाने में भारी परेशानी होती थी इस दौरान राजस्व अमला पंचायत सचिव मौजूद रहे.

# नवविवाहिता को दहेज के लिए किया प्रताड़ित, पति समेत चार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता को दहेज में पांच लाख रूपए लाने के लिए प्रताडित करने और सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी के जरिए उसे बदनाम करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में विवाहिता के पति समेत चार लोगो के खिलाफ दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विजयपुर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम लोसघानी निवासी नव विवाहिता रविना 21 वर्ष पत्नी अनूप धाकड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे पति समेत ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताडित किया और कहा कि दहेज में 5 लाख रूपए लेकर आओगी,तभी ससुराल में रखेगे। इतना ही नहीं, पति के द्वारा सोशल मीडिया पर उसे फर्जी आईडी बनाकर उसे बदनाम करने के मकसद से पोस्ट डाली गई। नव विवाहिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति अनूप धाकड, ससुर भरत उर्फ भत्तू धाकड, सास रामरति धाकड, ननद शिवानी धाकड के खिलाफ दहेज एक्ट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### अभिलाषा नि:शुल्क कोचिंग का नया बैच कल से

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में संचालित निशुल्क अभिलाषा कोचिंग में 25 मई से तथा बडौदा हायर सैकेण्डरी स्कूल में 15 जून से नया बैच शुरू हो रहा है, जिसके लिए 24 मई तक आवेदन किये जा सकते है। निशुल्क अभिलाषा कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा जैसे एमपी पीएससी, एसएससी, टीचर, पुलिस आदि परीक्षाओ की तैयारी कराई जायेगी।

## राजस्थान की बहरावंडाखुर्द चौकी पुलिस जुटी युवक की तलाश में

# पाली पुल पर मिली बाइक और चप्पल युवक के चंबल में कूदने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मप्र और राजस्थान की सीमा पर स्थित चंबल नदी पर बने पाली पुल पर शनिवार की सुबह एक लावारिस बाइक खडी मिली। बाइक के पास ही एक युवक की चप्पल और शर्ट भी मिली है। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक ने पुल से चंबल नदी में छलांग लगा दी है। बाइक राजस्थान सीमा में मिली है। इसलिए राजस्थान की बहरावंडाखुर्द चौकी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वहीं चंबल नदी में भी युवक की तलाश करवा रही है।

राजस्थान की बहरावंडाखुर्द चौकी इंचार्ज धरमपाल सिंह ने बताया कि पाली पुल पर जो बाइक और शर्ट मिली है,वह श्योपुर जिले के ढोढर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम अर्रोदरी निवासी रामबाबू जाटव उर्फ भभूता जाटव नामक युवक की है। फिलहाल रामबाबू जाटव का कोई अता पता नहीं है। लेकिन पूछताछ के दौरान रामबाबू के भाई ने बताया कि रात को रामबाबू के द्वारा फोन करके कहा कि परेशान हो गया है और अब मरने की ईच्छा हो रही है। रामबाबू का मोबाइल भी बंद आ रहा है और पुल पर जिस जगह बाइक खडी मिली है,उस जगह पुल पर गली जाली में कटी हुई है। इसलिए रामबाबू के चंबल नदी में कूदने की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### भभूता की ढोढर पुलिस को भी तलाश, दो मामलो में फरार

पाली पुल पर बाइक मिलने के बाद से लापता बने रामबाबू जाटव उर्फ भभूता निवासी अर्रोदरी की तलाश ढोढर थाना पुलिस को भी बनी हुई है। क्योंकि ढोढर थाने में उसके खिलाफ मारपीट के दो मामले दर्ज है। दोनो मामले उसकी पत्नी कुसुम जाटव के द्वारा दर्ज कराए गए है। ढोढर थाना पुलिस ने बताया कि एक मामला तो 10-15 दिन पहले दर्ज हुआ था,जिसमें उसके द्वारा पत्नी की मारपीट करते हुए उसका कान तक काट लिया था। जबकि पत्नी की मारपीट करने का दूसरा मामला दो ढाई महीने पहले का है। दोनो मामलो में पुलिस को उसकी तलाश है।

## थार गाड़ी और उसके चालक को पकड़ने में पुलिस के छूटे पसीने

# फिल्मी स्टाइल में बेरीकेट्स तोडकर भागी शराब से भरी थार, पुलिस ने 20 किमी पीछा करके पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर थाना क्षेत्र में बेरीकेट्स तोडकर भागी काले शीशे चढी थार गाडी को पकडने में पुलिस के पसीने छूट गए। पुलिस को इस थार गाडी को पकडने के लिए करीब 20 किलोमीटर तक गाडी का पीछा करना पडा। यही नहीं,जब गाडी रेत में फंस गई तो गाडी के चालक ने पुलिस को देखकर चंबल नदी में छलांग लगा दी।

करीब छह घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस थार चालक को पकड पाई। पुलिस ने थार गाडी से करीब 2 लाख 32 हजार 150 रूपए की कीमत अवैध शराब जब्त की है। जिसमें 37 कार्टून मशाला शराब और 9 पेटी प्लेन शराब शामिल है। यह शराब श्यामपुर क्षेत्र में खफाने के लिए मुरैना जिले से लाई गई थी। वीरपुर थाना पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर उस व्यक्ति का पता लगाना शुरू कर दिया है,जिसके द्वारा यह शराब भेजी गई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह 11 बजे के आसपास वीरपुर थाना पुलिस को खबर मिली कि एक थार गाडी मुरैना की तरफ से काफी तेज रफ्तार में आ रही है। जिसके टायर भी दबे हुए दिख रहे है। ऐसे में थार गाडी के अंदर कोई गैरकानूनी सामान होने का भी अंदेशा लग रहा है। इस पर वीरपुर थाना पुलिस ने थाने के सामने बैरीकेट्स लगाकर उक्त गाडी को रूकवाने का प्रयास किया। लेकिन थार चालक ने पुलिस बैरीकेट्स को देखकर गाडी को रोकने के बजाए और तेज रफ्तार में दौडाया और पुलिस के बैरीकेट्स तोडकर भाग गया। फिर क्या था, वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल ने पुलिस टीम के साथ अपने थाने की गाडी को भी उसके पीछे दौडा दिया। थार चालक ने पुलिस को खूब छकाते हुए करीब 20 किलोमीटर तक पीछे दौडवाया। थार चालक गाडी को कच्चे रास्ते में होते हुए घूघस और नदीगांव की तरफ ले गया।



### एक पेटी के 500 के हिसाब से मिलते थे रूपए

पुलिस के चत्थे चढे थार चालक पंकज गुर्जर ने पुलिसिया पूछताछ के दौरान बताया है कि यह शराब किसी है तथा यह गाडी किसकी है, इस बारे में उसे जानकारी नहीं है, उसे तो शराब को श्यामपुर गांव तक छोडने का काम मिला है। शराब उतारकर उसके बदले पैसे लेकर उसे वापस देना था। जिसके एवज में उसे एक पेटी के 500 रूपए के हिसाब से पैसे मिलने की डील तय थी।

### थार चालक चंबल में कूदा तो पुलिस के हाथ पैर फूले

थार चालक गाडी को भगाते हुए चंबल नदी के किनारे पर बसे नदीगांव के बीहड में ले गया,जहां गाडी के पहिए रेत में फंस गए तो गाडी वहीं खडी रह गई।। इसके बाद थार चालक ने पुलिस को पीछा आता देखकर आनन फानन में चंबल नदी में छलांग लगा दी। जिसे देखकर पुलिस के हाथ पैर फूल गए,क्योंकि चंबल नदी में घडियाल और मगरमच्छ काफी संख्या में मौजूद है, ऐसे में पुलिस को डर सताने लगा कि चंबल नदी में कूदकर काफी दूर तक तैरते हुए पहुंचा युवक कहीं मगरमच्छ को निवाला न बन जाए। इस दौरान पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए युवक को भरोसा दिलाया कि यदि वह खुद ही बाहर आ जाएगा तो उसके खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करेगी। जिसके बाद वह काफी देर बाद खुद ही नदी से बाहर आ गया तो पुलिस उसे देर शाम को गाडी बैठाकर थाने ले आई,जहां उसने पूछताछ के दौरान अपना नाम पंकज गुर्जर 25 वर्ष पुत्र सुरेन्द्र गुर्जर निवासी पिपरई थाना सरायछोला जिला मुरैना हाल निवास सिकंदर कम्पू वीरपुर बांध थाना गिरवाई जिला ग्वालियर बताया है। पुलिस ने थार और उसमें भरी शराब को जब्त कर लिया है। बता दें कि जब्त की गई थार तीन माह पहले नई खरीदी गई थी जो किसी ग्वालियर के व्यक्ति के नाम बताई गई है।

### ग्रामीण लूट ले गए शराब

जब थार गाडी रेत में फंस गई तो थार चालक पंकज गुर्जर गाडी छोडकर चंबल नदी में जाकर कूद गया। पुलिस भी उसके पीछे चंबल नदी पर पहुंच गई,ऐसे में थार गाडी को सूनी देखकर आसपास के ग्रामीण शराब की कुछ बोतलो को लूट ले गए। बाद में थाने से पहुंचे पुलिसकर्मी शराब से भरी थार को रेत से निकालकर थाने लेकर लाए।

### इनका कहना..

थार बेरीकेट्स तोडकर भागी तो हमारा शक पक्का हो गया कि गाडी में कुछ तो गैर कानूनी होगा। इसलिए हमने तत्काल पीछाकर उसे जब्त कर लिया। थार से 2 लाख से ज्यादा की अवैध शराब मिली है। थार चालक पर मामला दर्ज कर इस शराब को भेजने वाले व्यक्ति का पता लगाया जा रहा है।

**महाराज सिंह वघेल**
**थाना प्रभारी,वीरपुर**

# भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत पहुंचाने आगे आया कॉलेज परिवार, लगाए सकोरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भीषण गर्मी से पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के परिवार ने कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशन में दाना पानी₹ अभियान शुरू कर दिया है। अभियान के पहले चरण के तहत शनिवार को महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाना एवं पानी से भरे सकोरे रखे गए।

कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा द्वारा शैक्षिक स्टाफ को प्रेरित करते हुए यह अभियान चलाए जा रहा है। जिसमें महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ रमेश भारद्वाज एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

सभी ने मिलकर पक्षियों को प्रचंड गर्मी से राहत दिलाने का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ गुमान सिंह, डॉ उर्मिला बॉथम डॉ योगेश बाथम डॉ भूपेंद्र हरदेनिया , डॉ प्रांकुश शर्मा, डॉ दीपक शर्मा, डॉ मनीष सैनी प्रो नरेंद्र सिंह जाट डॉ वीरेंद्र रजक आदि उपस्थित थे। जिन्होने भी इसे सामाजिक सरोकार एवं मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा प्रेरणादायक अभियान बताते हुए इसकी सफलता के लिए हर संभव योगदान देने का संकल्प लिया।

# पुलिस को मिली पीएम रिपोर्ट, हत्यारे बेसुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल की चारखंभा गुर्जर बस्ती निवासी महिला द्रोपदी बाई की हत्या से जुडी पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। जिसमें गर्दन पर किसी धारदार की चोट से मौत होने की बात सामने आई है। लेकिन हत्यारे चार दिन बीतने के बाद भी बेसुराग बने हुए है।

हालांकि पुलिस अधिकारी लगातार जांच करने और पूछताछ किए जाने के दावे कर रहे है। मगर इसके बाद भी हत्यारो का पता नहीं चलने से क्षेत्र के लोगो में आक्रोश बढता जा रहा है।यहां बता दे कि इस घटना से आक्रोशित लोग कराहल थाने का घेराव करने के बाद एसपी को भी ज्ञापन सौपकर हत्यारोपियों को जल्द पकडे जाने की मांग कर चुके है और उनके द्वारा तीन दिन में खुलासा न होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी गई है। इस मामले में एसडीओपी अवनीत शर्मा का कहना है कि अभी कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। लेकिन पुलिस निरंतर प्रयास के साथ जांच में जुटी हुई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी कल्लू घोषी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्लू कुशवाह और निहाल कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा निवासी धर्मेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अभिषेक, रामकुमार, हरिसिंह और विवेक रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सावन निवासी शांतिबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामस्वरूप केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ निवासी जितेन्द्र दुवे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरनवान और पवन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की कोतवाली पुलिस ने ग्राम माधौगढ़ निवासी रागिनी पारदी से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है इसी तरह रानी पारदी से भी 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। कोतवाली पुलिस ने तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी शिवराज कुशवाह के पास से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने नई बसाहट मुंगावली निवासी उर्मिला सांसी के पास से 05 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने रवि नायक निवासी खलीलपुर के पास से 07 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### सिंध नदी में नहाने गए दो बच्चों की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत गुरूवार को सिंध नदी के मढ़नाखिरिया घाट पर नहाने गए दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। दोनों ग्राम गोसपुर के रहने वाले थे, जिनमें रवि पुत्र देवीलाल कुशवाह उम्र 11 साल और मुनेश पुत्र चिमन कुशवाह उम्र 14 साल शामिल हैं।

### गंगा दशहरा पर जल स्त्रोत पूजन व गंगा कलश यात्रा का आयोजन

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल संरक्षण हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा 25 मई के अवसर पर प्रदेश में जनसहभागिता से जल संरक्षण हेतु वृहद स्तर पर अभियान चलाया जायेगा। जिसमें म.प्र. जन अभियान परिषद अशोकनगर द्वारा पूरे जिले में लगभग 100 ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं 10 नगर विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा नगरीय स्तर पर जल स्त्रोत पूजन एवं गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा।

## रहस्यमयी आग की गुत्थी सुलझाने भोपाल से पहुंचे

# बाढ़ोली गांव जांच के लिए पहुंच गई जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले की मुंगावली तहसील के बाढ़ोली गांव में पिछले कई दिनों से अचानक लग रही रहस्यमयी आग ने ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। इस अजीबोगरीब घटनाक्रम से परेशान प्रशासन अब पूरी तरह हरकत में आ गया है। आग की इस सुलगती पहेली को सुलझाने के लिए भोपाल से जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की तीन सदस्यीय वैज्ञानिक टीम बाढ़ोली गांव पहुंची। टीम ने प्रभावित इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया और जांच के लिए जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं।

तीन सदस्यीय दल राजेश राजपूत के घर पहुंचा और आगजनी की घटनाओं का परीक्षण किया।

**राजेश राजपूत के घर पहुंचे वैज्ञानिक, पचासों बार लग चुकी है आग** वैज्ञानिकों का तीन सदस्यीय दल सबसे पहले ग्रामीण राजेश राजपूत के घर पहुंचा। ग्रामीणों के मुताबिक, इस घर में अब तक पचासों बार अचानक आग लग चुकी है। इसके बाद टीम ने गांव के अन्य प्रभावित मकानों और मंदिर परिसर का भी दौरा किया। वैज्ञानिकों ने उन सभी स्थानों का बारीकी से मुआयना किया जहां पिछले कुछ दिनों में लगातार आगजनी की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

### जांच रिपोर्ट के बाद ही साफ होगी स्थिति टीम लीडर

जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम के लीडर राधेश्याम सिंह ने बताया, हमने मौके पर पहुंचकर सभी प्रभावित स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया है। घरों और आसपास के परिसर से मिट्टी व पत्थरों के सैंपल लिए गए हैं। हम अपना जांच प्रतिवेदन (रिपोर्ट) वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपेंगे। लैब से विस्तृत जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वैज्ञानिक तौर पर आग लगने के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।प्रशासन और ग्रामीणों को अब वैज्ञानिकों की इस रिपोर्ट का बेसब्री से इंतजार है, ताकि गांव में फैले डर और रहस्य के माहौल को खत्म किया जा सके।

### पीड़ित परिवारों से की पूछताछ, लैब भेजे गए सैंपल

निरीक्षण के दौरान एक्सपट्र्स की टीम ने पीड़ति परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों से विस्तार से चर्चा की। टीम ने यह जानने का प्रयास किया कि आग लगने से ठीक पहले वहां किस तरह की परिस्थितियां बनती हैं या कोई गंध आदि महसूस होती है। पुख्ता वैज्ञानिक कारणों का पता लगाने के लिए टीम ने मौके से मिट्टी, पत्थर और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य कलेक्ट किए हैं, जिन्हें लैब टेस्टिंग के लिए भेजा जा रहा है।

# साइबर ब्लैकमेलिंग व फर्जी अफसर बन 1.30 करोड़ की ठगी करने वाले शेष दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




पुलिस ने संगठित साइबर ब्लैकमेलिंग एवं करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई के चलते मामले का बड़ा खुलासा हुआ है।

प्रकरण के मुताबिक पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्रस्तुत कर बताया गया था कि आरोपी आदित्य सिंह तोमर, आयुषी चौहान, आर्यन सोनी, आकाश चौहान एवं उनके अन्य सहयोगियों ने पहले उसे प्रेम संबंधों के जाल में फंसाया, इसके बाद आरोपियों ने अश्लील फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये की ठगी की तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना कोतवाली अशोकनगर में अपराध क्रमांक 283/26 पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पूर्व में पुलिस द्वारा आरोपी आदित्य तोमर, आयुषी चैहान, आकाश चैहान एवं आर्यन सोनी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि ठगी से प्राप्त रकम से महंगी सोने-चांदी की ज्वेलरी, महिन्द्रा थार वाहन, आईफोन, एप्पल नोटबुक, महंगी घड़ियां, कॉस्मेटिक सामग्री एवं अन्य लग्जरी सामान खरीदे गए थे। पुलिस द्वारा अब तक लगभग 70 लाख रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्ति जप्त की जा चुकी है।

विवेचना के दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने मामले के शेष आरोपी निखिल वाल्मीकि एवं जयदीप सेन उर्फ जेडी निवासी गुना को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी निखिल के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल जप्त की गई है। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी आकाश चैहान के निर्देश पर स्वयं को क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर पीड़िता से संपर्क करते थे तथा ब्लैकमेलिंग से प्राप्त रकम को गुना ले जाकर मुख्य आरोपी तक पहुंचाते थे। अशोकनगर पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि सोशल मीडिया अथवा ऑनलाइन माध्यमों पर किसी भी अनजान व्यक्ति पर विश्वास न करें। किसी भी प्रकार की ब्लैकमेलिंग, साइबर ठगी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन पर दें।

# प्रभारी मंत्री ने पुरातत्व, पर्यटन, जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, जिला स्तरीय सतर्कता समिति,जिला बाल संरक्षण समिति,जिला विद्युत सलाहकार समिति तथा जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय,मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारी लाल श्रीवास्तव, सोनम जैन,समितियों के शासकीय एवं अशासकीय सदस्य तथा जिला अधीकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की समीक्षा के दौरान जिले के ऐतिहासिक,पुरातात्विक एवं पर्यटन स्थलों के संरक्षण,विकास तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल चंदेरी में मूलभूत सुविधाओं के विकास,पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने पर विशेष प्रयास किये जाने की बात कही। साथ ही पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों एवं विरासत को संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यटन स्थलों के विकास से जिले की पहचान

### जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा

बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बर्षा के जल को संरक्षित किये जाने हेतु जल संरचनाओं के निमार्ण एवं जीर्णोद्धार के कार्य कराये जाए। बैठक में प्राचीन बावड़ियों के रखरखाव एवं पुर्नरूद्धार हेतु आवश्यक कार्य कराये जाए। उन्होंने इस अभियान में जनभागीदारी एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग पर विशेष जोर दिया। बैठक में प्रभारी मंत्री शुक्ला द्वारा जिला स्तरीय सतर्कता समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति,जनजाति के प्रकरणों के निराकरण एवं राहत राशि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने जनहित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की । उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जबावदेही बनाए रखते हुये सभी प्रकरणों का समय सीमा निराकरण किया जाए। उन्होंने प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री शुक्ला ने जिला बाल संरक्षण समिति के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा,संरक्षण एवं पुर्नवास से संबंधित विषयों पर समीक्षा की गई। उन्होंने दीक्षा शिशुगृह,पालना स्थलों, चाईल्ड लाईन, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति के गठन के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये।

### जिला विद्युत सलाहकार समिति के कार्यो की समीक्षा

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा बैठक में जिला विद्युत सलाहकार समिति के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिले में विद्युत व्यवस्थाओं को और अधिक सुचारू एवं उपभोक्ताओं के लिये सुविधाजनक बनाये जाने के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने जिले में विद्युत आपूर्ति,ट्रांसफार्मरों की स्थिति,लाईन विस्तार, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विद्युत कटौती के संबंध में निर्देश दिये कि कटौती का समय निर्धारित किया जाए। अनावश्यक कटौती से उपभोक्ताओं को परेशानी न हो यह सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा पावर प्रेजेटेंशन के माध्यम से विभिन्न समितियों के कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा विभिन्न समितियों में नियुक्त किये गए नवीन कार्यकरिणी के अशासकीय सदस्यों का परिचय प्राप्त कर उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

## संत सुधा सागर मार्ग का लोकार्पण किया

# मुनि सुधासागर महाराज की अगवानी में भक्तों की भक्ति का उमड़ा सैलाब







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पांच माह पूर्व नगर में भव्य चातुर्मास कर जब राष्ट्र संत मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ससंघ 18 पिच्छिकाओं के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जहां नगर के बाहर पूर्व मंत्री राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र मंत्री विजय धुर्रा सहित अन्य प्रमुख जनो ने श्री फल भेंट कर सभी मंडलों के साथ भव्य अगवानी की।

भव्य आगवानी में जिला प्रदेश आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ. केपी यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय जिला पंचायत सीईओ राजेश कुमार जैन, विश्व हिन्दू परिषद के दीपक मिश्रा सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी सर्व समाज के लोग अपने अपने घर के आगे परम पूज्य के पाद प्रक्षालन कर आरती उतार कर अभिनंदन कर रहे हैं यह भव्य शोभायात्रा विदिशा रोड़, त्रिदेव चौराहा, तारा सदन, एचडी एफसी चैराहा, पुराना बस स्टेंड, गांधी पार्क होते हुए भगवान महावीर मार्ग विद्यासागर द्वार होते हुए सुभाष गंज आकर धर्म सभा में बदल गई।

### पूरा शहर गुरुदेव की अगवानी में उमड़ रहा था

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि पांच माह बाद गुरुदेव के आगमन पर पूरा शहर उमड़ पड़ा। हम सभी का धन्यवाद करेंगे। शासन प्रशासन ने बहुत सुंदर व्यवस्था बनाई हम सब के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है आज हमारे पूर्व मंत्री राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव पूर्व विधायक जजपाल सिंह नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया के आतिथ्य में संत सुधा सागर मार्ग का लोकार्पण समारोह हो रहा है। हम सब मिलकर आज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जन आपके चरणो मे गीर्म काल का निवेदन कर रहे हैं इस दौरान मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि हमारे पुण्य के उदय से हमें इस भीषण गर्मी में भी आपके चरण सान्निध्य का सौभाग्य मिला रहा इस सान्निध्य का अधिकतम उपयोग करना है।

### धर्म न आकाश से आता न पाताल में हमारे अंदर से आता -मुनि श्री

इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि धर्म न आकाश से आता है न पाताल से धर्म ना पूर्व से न पश्चिम से धर्म धर्मात्माओं की आत्मा से प्रकट होता है। लोग धर्म को दुनिया में खोजते हैं भूल जाते हैं हिरण के समान हिरण कस्तूरी को पाने के लिए दुनिया में भटकता रहता है। उसे मालूम नहीं रहता कि कस्तूरी को उसकी नाभि में है। ऐसे ही लोग दुनिया में भटकते रहते हैं धर्म पाने के लिए उन्हें पता ही नहीं रहता कि धर्म तुम्हारे अन्दर से ही प्रकट होगा। धर्म भक्तो को हृदय में से उमड़ता है धन मालिक नहीं होता धनि मालिक होते हैं ऐसे ही भक्त ही धर्मात्मा होता है धर्म बड़ा नहीं होता धर्मात्मा बड़ा होता है जिसके के अंदर धर्म उमड़ जाये वहीं धर्मात्मा होता है आगमनी कराईं नहीं जाती अगवानी हो जाती है धन मालिक नहीं होता धनि मालिक होते हैं।

### धर्म से भी बड़ा होता है धर्मात्मा से भी बहुत बड़ा होता...

उन्होंने कहा कि धर्म से भी बड़ा होता है धर्मात्मा से भी बहुत बड़ा होता है जिसे के अंदर धर्म उमड़ पड़ता है वहीं धर्मात्मा होता है प्रभवना की नहीं जाती प्रभावना हो जाती है भक्तो को बुलाया नहीं जाता भक्त आते हैं आगवानी की नहीं जाती अगवानी हो जाती है शुरू से ही पता चल गया था जज्जी अपने घर ले जाने व्यापक तैयारी के साथ ले गया तव ही हमने अपने पैरों को कह दिया था तैयार रहना है इस बार की अगवानी के लिए पैर तैयार रहें चातुर्मास की अगवानी में असाढ़ था। उस समय तो बादलो ने मेहरबानी की थी आज कोई मेहरबानी करने वाला नहीं है, आज सूरज भी ऊपर चढ़ा है यह जेठ की अगवानी है। भक्तो का उत्साह शिखर पर था।

# जल संरक्षण के प्रति जागरुकता के लिए रात्रि चौपाल आयोजित



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिले में जल गंगा सर्वंधन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अशोकनगर विकासखंड के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आमखेड़ा सूखा में प्राथमिक विद्यालय परिसर में जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने रात्रि चैपाल का आयोजन किया। रात्रि चौपाल में जिला समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान ने ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी व जल बचाने की अपील की। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि जल बचाने के लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए व 25 मई को गंगा दशहरा कार्यक्रम के बारे में बताया। रात्रि चौपाल में परामर्शदाता श्री बलवीर यादव, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष पप्पू कुशवाह, समिति के सभी सदस्य सहित सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित थे।

### पानी चौपाल का आयोजन कर किसानों को दी महत्वपूर्ण जानकारियां

अशोकनगर। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलखेडा विकासखण्ड मुंगावली में पानी चौपाल का आयोजन कर कृषको को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की विभागीय योजनाओ की जानकारी दी गई। उद्यान विभाग की योजना फलपौध रोपण को बढावा देना जिससे फल उत्पादन कर प्रति इकाई क्षेत्र में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिचाई योजना में ड्रिप, स्प्रिकंलर का प्रयोग कृषि सिचाई में जल का समुचित प्रबंध कर सकते हैं।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का आयोजन

# भाजपा में हम इसलिए आए भारत आत्मनिर्भर बने: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





भारतीय जनता पार्टी में हम सिर्फ इसलिए नहीं आए, कि हमें राजनीति करना है, सिर्फ इसलिए नहीं आए कि हमें पद प्राप्त करना है, इसलिए नहीं आए कि सत्ता हमारे पास होनी चाहिए, बल्कि इसलिए आए कि भारत आत्मनिर्भर बने गौरवशाली शक्तिशाली बने। यह बात शुक्रवार को जिले के अतिशय क्षेत्र थूबौन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा के जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन पंचम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कही, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने की।

जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर रघुवंशी ने बताया कि इसके पूर्व पहले एवं शुभारंभ सत्र प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा की गई, दूसरे सत्र के वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव द्वारा संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष भानु रघुवंशी ने की। तीसरे सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर ने संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता मुंगावली विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव ने की, चैथे सत्र के वक्ता संभाग प्रभारी निशांत खरे थे, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष जयकुमार सिंघई ने की, छठवें सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में अर्चना चिटनिस ने संबोधित किया जिसकी अध्यक्षता नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्णपाल यादव ने की। इस दौरान अलग-अलग विषयों को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### हमें अगली पीढ़ियों को सुरक्षित रखना है

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि आप सब यहां पर बैठे हर व्यक्तियों को लगता होगा कि आज से 25, 50,100 साल बाद जब आपकी अगली पीढ़ी आए, उसके बाद की पीढ़ी आए तो वह सुरक्षित भारत में जन्म ले, वह ऐसे भारत में जन्म ले जहां रोजगार हो ऐसे भारत में जन्म ले जो दुनिया में सबसे आगे हो, ऐसे भारत में जन्म ले जहां पर कोई भी तरह की असुविधा न हो, और अगर हम चाहते हैं कि हमारी अगली पीढ़ी ऐसे भारत में जन्म ले तो हमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में हमारी सत्ता बनाकर रखनी है। अगर आप लगातार जीतेंगे तो हमारी अगली पीढ़ी सुरक्षित रहेगी क्योंकि मोदी के नेतृत्व में यह देश बुलंदियों पर जाएगा। मोदी के नेतृत्व में एक सुरक्षित भारत आगे बाली पीढी को मिलेगा। मोदी के नेतृत्व में हम इस देश को, नई पीढ़ी को एक ऐसे स्थान पर ले जाएंगे जहां सुरक्षित भारत हो। संगठन के कार्यकर्ता के रूप में काम करना तो हमारी जिम्मेदारी है लेकिन उसके साथ-साथ राष्ट्र को आगे बढ़ना अगली पीढ़ी को सुरक्षित भारत देना यह भी हमारी जिम्मेदारी है, और इसलिए हम अपने मतभेदों को भूलकर, अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को पीछे रखकर इस विचारधारा को इस दल को हम सब मिलकर मजबूत करें, यह दल जितना मजबूत होगा, प्रधानमंत्री जितने मजबूत होंगे, उतना ही यह राष्ट्र मजबूत होगा और आने वाला कल इस देश का सुरक्षित होगा। वर्ग का संचालन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल ने किया साथ ही सत्र का आभार जिला महामंत्री डॉ शीला जाटव ने किया इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह लड्डूराम कोरी जगराम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### शाढौरा में कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की

शाढ़ौरा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का गुना से अशोकनगर जिला प्रशिक्षण वर्ग में अतिशय क्षेत्र थूबोन जाते समय शाढ़ौरा नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्नेही जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही शाढ़ौरा पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने गगनभेदी नारों और पुष्पमालाओं के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस संक्षिप्त प्रवास और मुलाकात से स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश अध्यक्ष जी की सहजता और मार्गदर्शन से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा सभी में एक नई ऊर्जा एवं वैचारिक संचार की अनुभूति हुई है।पार्षद राकेश रघुवंशी रामकृष्ण सिंह मंडल हर्षित जैन गांधी डॉ नितिन रघुवंशी व्यापारी संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा,बसंत शर्मा, शिवराज कुंदोरा, जीतू रघुवंशी आदि ने मुलाकात की।